# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज
# बिजनौर

## प्रशासकीय परिषद की बारहवीं बैठक
## का कार्यवृत्त

- बैठक संख्या : बारहवीं
- दिनांक : 27 सितम्बर 2022
- स्थान : ए.के.टी.यू., नोएडा कैम्पस : उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, नोएडा, सी 22, सी ब्लाक, फेस-2, औद्योगिक क्षेत्र, सेक्टर-62, नोएडा
- समय : दोपहर 12.00 बजे
- माध्यम : ऑफलाइन एवं ऑनलाइन

**राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 27.09.2022 को दोपहर 12.00 बजे ए.के.टी.यू. के नोएडा कैम्पस : उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, नोएडा, सी 22, सी ब्लाक, फेस-2, औद्योगिक क्षेत्र, सेक्टर-62, नोएडा में सम्पन्न 12वीं बैठक का कार्यवृत्त :-**

बैठक में मा0 अध्यक्ष महोदय एवं निम्न सदस्यगण उपस्थित हुए :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजीव स्वरूप<br>अध्यक्ष,<br>प्रशासकीय परिषद, रा0इ0का0, बिजनौर | अध्यक्ष |
| 2. | मा0 विशेष सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन<br>(मा0 उपाध्यक्ष द्वारा नामित) | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री जे0 एल0 वर्मा,<br>संयुक्त निदेशक,<br>मेरठ मण्डल, मेरठ<br>(निदेशक, प्राविधिक शिक्षा द्वारा नामित) | सदस्य |
| 4. | प्रो0 अजय सिंह जेठू,<br>प्रोफेसर, सिविल इंजी0, एम0एन0आई0टी0,<br>जयपुर-302017, राजस्थान<br>अ0भा0त0शि0प0 नई दिल्ली द्वारा नामित | सदस्य |
| 5. | प्रो0 नीरज कुमार सिंह, एच0बी0टी0यू0, कानपुर,<br>अनुसूचित जाति/अनुसुचित जनजाति के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 6. | प्रो0 के0 एस0 वर्मा,<br>प्रोफेसर, इले0 इं0 विभाग, के0एन0आई0टी0, सुल्तानपुर<br>अन्य पिछडा वर्ग के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 7. | प्रो0 नीलेन्द्र बादल<br>निदेशक<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर | सदस्य-सचिव |

अपरिहार्य कारणों से परिषद के अन्य सदस्यगण उपस्थित नहीं हो सके।

मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गयी।



Badal

**बिन्दु सं. 12.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 29 दिसम्बर 2020 को सम्पन्न ग्यारहवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 29 दिसम्बर 2020 को सम्पन्न ग्यारहवीं बैठक का कार्यवृत्त परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ एवं पुष्टिकरण हेतु प्रस्तुत किया गया।

परिषद ने कार्यवृत्त का अवलोकन कर कार्यवृत्त की पुष्टि की।

**बिन्दु सं. 12.02 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 29 दिसम्बर 2020 को सम्पन्न ग्यारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

परिषद को सादर अवगत कराया गया कि संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 29 दिसम्बर 2020 को सम्पन्न ग्यारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों के आधार पर कार्यवाही पूर्ण की गयी तथा कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

परिषद, संस्थान की प्रशासकीय परिषद की ग्यारहवीं बैठक के निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना से अवगत हुई एवं संतोष व्यक्त किया। परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रशासकीय परिषद की बैठकों का आयोजन नियमित रूप से किया जाये। बैठकों के आयोजन में अधिक अन्तराल न हो।

**बिन्दु सं. 12.03 पूर्व निदेशक, प्रो0 बिपिन कुमार त्रिपाठी का कार्यकाल पूर्ण होने एवं वर्तमान निदेशक, प्रो0 नीलेन्द्र बादल की नियुक्ति की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।**

पूर्व निदेशक, प्रो0 बिपिन कुमार त्रिपाठी का कार्यकाल पूर्ण होने वर्तमान निदेशक, प्रो0 नीलेन्द्र बादल की नियुक्ति की सूचना से मा0 परिषद को अवगत कराया गया।

मा0 परिषद ने उक्त से अवगत होते हुए औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

**बिन्दु सं. 12.04 प्रशासकीय परिषद में सदस्यों के नामांकन की सूचना एवं One Eminent Technologist/Engineer का नामांकन।**

(अ) संस्थान की प्रशासकीय परिषद में एस.सी/ एस.टी. समुदाय के प्रतिनिधि एवं ओ.बी.सी. समुदाय के प्रतिनिधि के नामांकन की सूचना से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराया गया।

परिषद, उक्त सदस्यों के नामांकन की सूचना से अवगत हुई एवं परिषद द्वारा नामित सदस्यों का स्वागत किया गया एवं आभार व्यक्त किया गया।

(ब) संस्थान के बायलॉज में निहित व्यवस्था के आधार पर प्रशासकीय परिषद में राज्य सरकार द्वारा नामित किये जाने वाले सदस्यों के नामांकन हेतु प्रस्तावित नामों की सूची संस्थान द्वारा शासन को प्रेषित किये जाने की सूचना से मा0 परिषद को अवगत कराया गया।



Badal

परिषद उक्त सूचना से अवगत हुई।

(स) संस्थान के बायलॉज में निहित व्यवस्था के अनुसार प्रशासकीय परिषद में एक प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकीविद/ इंजीनियर को सदस्य के रूप में नामित किये जाने हेतु परिषद से अनुरोध किया गया।

परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उक्त के दृष्टिगत सदस्य नामांकन हेतु प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकीविदों / इंजीनियरों के नामों की सूची के साथ प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये। तदोपरांत प्रस्तावित नामों में से किसी एक प्रौद्योगिकीविद/ इंजीनियर को सदस्य के रूप में नामित किया जायेगा।

**बिन्दु सं. 12.05 प्रवेश एवं फीस नियमन समिति, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु निर्धारित मानक शुल्क की सूचना पर विचार एवं निर्णय।**

डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के परिपत्र सं. ए.के.टी.यू./कुस.का./2022/16764 दिनांक 30 जून, 2022 के माध्यम से प्रवेश एवं फीस नियमन समिति, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु निर्धारित मानक शुल्क के सम्बंध में प्राप्त सूचना परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान करने हेतु प्रस्तुत की गयी।

परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि संस्थान एवं छात्र हित में शासन, विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों एवं संस्थान की आवश्यकता के अनुसार ही शुल्क लिये जायें।

**बिन्दु सं. 12.06 संस्थान में नये कोर्सेज को खोले जाने हेतु विचार एवं निर्णय।**

संस्थान में नये कोर्सेज खोले जाने हेतु संस्थान की शैक्षणिक समिति की दिनांक 07.12.2021 को सम्पन्न तृतीय बैठक में प्राप्त सुझावों के क्रम में परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि स्नातक स्तर पर बी.टेक. के रोजगार परक, सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कोर्सेज जैसे - कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग एवं इसकी एलाइड ब्रांचेज, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, मेकेनिकल इंजीनियरिंग तथा विभागीय स्तर पर परास्नातक कोर्स जैसे - एम. टेक. / एम.बी.ए. आदि को शुरू किये जाने का प्रस्ताव तैयार कर अग्रेतर कार्यवाही हेतु विश्वविद्यालय को भेजा जाये।

**बिन्दु सं. 12.07 छात्र क्रिया कलाप परिषद (Council of Student Activity) की स्थापना पर विचार एवं निर्णय।**

संस्थान की शैक्षणिक समिति की पंचम बैठक में **Council of Student Activity (CSA)** का गठन किये जाने हेतु दिये गये प्रस्ताव को परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ एवं मार्गदर्शन हेतु प्रस्तुत किया गया।

परिषद द्वारा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु **Council of Student Activity (CSA)** के गठन हेतु प्रस्ताव पर विचारोपरांत सर्वसहमति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं. 12.08 संस्थान द्वारा आरंभ किये गये न्यूज लेटर विषयक सूचना।**

संस्थान द्वारा शुरू किये गये न्यूजलेटर की सूचना से मा0 परिषद को अवगत कराया गया। मा0 परिषद, न्यूजलेटर विषयक सूचना से अवगत हुई।

**बिन्दु सं. 12.09 संस्थान के विभिन्न विभागो में कंसल्टेंसी सुविधाओं के सुचारू संचालन हेतु नियमावली पर विचार एवं निर्णय।**

संस्थान की शैक्षणिक समिति में कंसल्टेंसी सुविधाओं के सुचारू संचालन हेतु प्रस्तुत की गयी नियमावली को प्रशासकीय परिषद के समक्ष निर्णयार्थ / अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया। परिषद को यह भी अवगत कराया गया कि यह नियमावली शासन से प्राप्त शासनादेश / निर्देशों के आधार पर तैयार की गयी है।

परिषद द्वारा नियमावली का गहनता से अवलोकन किया गया एवं वृहद चर्चा के उपरांत नियमावली को संस्थान में लागू किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

साथ ही परिषद द्वारा यह निर्देशित किया गया कि कंसल्टेंसी सुविधाओं के संचालन की जानकारी पत्र जारी कर सभी सम्भावित सम्बंधितों को प्रसारित की जाये। समय-समय पर कंसल्टेंसी सुविधाओं सम्बंधी शासनादेशों का भी अनुपालन किया जाये तदनुसार नियमावली में संशोधन किया जाये।

**बिन्दु सं. 12.10 विषम परिस्थितियों में वाह्य सेवा प्रदाता कर्मचारियों के वेतन/पारिश्रमिक भुगतान की सूचना।**

विषम परिस्थितियों में संस्थान, छात्र एवं कर्मचारी हित में वाह्य सेवा प्रदाता कर्मचारियों के वेतन / पारिश्रमिक का भुगतान संस्थान में कार्य कर रही अन्य वाह्य सेवा प्रदाता एजेंसी से किये जाने की सूचना से मा0 परिषद को अवगत कराया गया।

मा0 परिषद, उक्त सूचना से अवगत हुई।

**बिन्दु सं. 12.11 संस्थान में कार्यरत अधिकारी एवं शिक्षकों की राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन.पी.एस.) लागू किये जाने सम्बंधी सूचना।**

संस्थान में एन.पी.एस. की श्रेणी में आने वाले कुल 20 अधिकारी / शिक्षकों में से 19 के एन.पी.एस. खाता खुल जाने एवं एक शिक्षक का खाता न खुलने की सूचना से मा0 परिषद अवगत हुई।

**बिन्दु सं. 12.12 संस्थान में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती प्रक्रिया तथा रिक्त शैक्षिक पदों के रोस्टर की सूचना एव औपचारिक अनुमोदन।**

संस्थान में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती प्रक्रिया तथा रिक्त शैक्षिक पदों के रोस्टर की सूचना से मा0 परिषद को अवगत कराया गया।



Bidal

मा0 परिषद, उपरोक्त सूचनाओं से अवगत हुई।

**बिन्दु सं. 12.13 एन. बी. ए. प्रत्यायन के दृष्टिगत विजिटिंग/ एडजंक्ट फैकल्टी रखे जाने पर विचार एवं निर्णय तथा अतिथि प्रवक्ताओं को अनुबन्ध प्रवक्ताओं के रूप में रखे जाने पर विचार एवं निर्णय।**

परिषद द्वारा संस्थान की शैक्षणिक समिति की दिनांक 08.09.2022 को सम्पन्न पंचम बैठक के बिन्दु संख्या 05.04 में संस्थान में NBA के दृष्टिगत एवं छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन कार्य में गुणवत्ता लाने हेतु दिये गये सुझाव के आधार पर Adjunct Faculty / Visiting Faculty रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

साथ ही अतिथि प्रवक्ताओं को अनुबंध प्रवक्ताओं के रूप में रखे जाने के सुझाव अनुशंसा की गयी तथा यह निर्देशित किया गया कि अतिथि प्रवक्ताओं को अनुबंध प्रवक्ताओं के रूप में रखे जाने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को अवलोकनार्थ एवं निर्णयार्थ प्रेषित किया जाये। तब तक वित्त समिति में Expert Lecture हेतु निर्धारित मानदेय पर आमंत्रित किया जा सकता है।

**बिन्दु सं. 12.14 पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर, इंजी. अंकित सिंह के त्यागपत्र की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।**

संस्थान में पूर्व में असिस्टेंट प्रोफेसर रहे इंजी. अंकित सिंह द्वारा अपने पद से दिये गये त्यागपत्र की सूचना से मा0 परिषद को अवगत कराया गया।

परिषद द्वारा उपरोक्त सूचना से अवगत होते हुए औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं. 12.15 संस्थान की शैक्षणिक समिति की विभिन्न बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन।**

संस्थान की शैक्षणिक समिति की द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ एवं पंचम बैठक के कार्यवृत्त परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किये गये।

परिषद द्वारा शैक्षणिक समिति की द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ एवं पंचम बैठक के कार्यवृत्तों का अवलोकन किया गया।

**बिन्दु सं. 12.16 संस्थान की वित्त समिति की दिनांक 31 मई 2022 को सम्पन्न 12वीं बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन।**

संस्थान की वित्त समिति की दिनांक 31 मई, 2022 को सम्पन्न 12वीं बैठक का कार्यवृत्त परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

परिषद द्वारा शैक्षणिक समिति की द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ एवं पंचम बैठक के कार्यवृत्तों का अवलोकन किया गया।



Badal

**बिन्दु सं. 12.17 टेक्विप परियोजना के सफलता पूर्वक पूर्ण होने की सूचना।**

टेक्विप-**III** परियोजना के सफलता पूर्वक पूर्ण होने की सूचना से मा0 परिषद को अवगत कराया गया। परिषद, TEQIP-III परियोजना के सफलता पूर्वक पूर्ण होने की सूचना से अवगत हुई।

**बिन्दु सं. 12.18 डी.डी.यू.क्यू.आई.पी. परियोजना के अंतर्गत विकास कार्यों/गतिविधियों की सूचना।**

डी.डी.यू.क्यू.आई.पी. परियोजना के अंतर्गत विकास कार्यों/गतिविधियों की सूचना परिषद के सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गयी।

परिषद, उक्त सूचना से अवगत हुई।

**बिन्दु सं. 12.19 संस्थान में इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना एवं अन्य कार्यक्रमों /गतिविधियों की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।**

संस्थान में इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना की सूचना से मा0 परिषद को अवगत कराया गया एवं इन्क्यूबेशन सेंटर की अन्य सम्बंधित गतिविधियों के लिये औपचारिक अनुमोदन प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

परिषद द्वारा संस्थान में इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना सम्बंधी सूचना से अवगत होते हुए अन्य सम्बंधित गतिविधियों के लिये भी औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं. 12.20 आवास आवंटन नियमावली सम्बंधित सूचना।**

परिषद को सादर अवगत कराया गया कि संस्थान के शिक्षकों को आवास आवंटन किये जाने हेतु संस्थान स्तर पर आवास आवंटन समिति गठित की गयी थी। समिति द्वारा आवास आवंटन नियमावली तैयार की गयी जिसकी सूचना परिषद के सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गयी।

आवास आवंटन नियमावली सम्बंधित सूचना से अवगत होते हुए परिषद द्वारा विधिवत चर्चा की गयी एवं यह सुझाव दिया गया कि नियमावली के बिन्दु संख्या 10 एवं बिन्दु संख्या 13 में चर्चा अनुसार यथा आवश्यक सुधार कर लिये जायें।

**बिन्दु सं. 12.21 संस्थान में स्टेशनरी स्टोर, हेयर कटिंग सैलून, जनरल स्टोर आदि की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं जन सुविधा केन्द्र बनाये जाने पर विचार एवं निर्णय।**

परिषद को सादर अवगत कराया गया कि संस्थान परिसर से चांदपुर मार्केट की दूरी के दृष्टिगत छात्र-छात्राओं, कर्मचारीगणों, शिक्षकगणों एवं अन्य द्वारा विभिन्न प्रकार से आग्रह किया जाता है कि संस्थान परिसर में ही

Badal

स्टेशनरी स्टोर, हेयर कटिंग सैलून, जनरल स्टोर, जनसुविधा केन्द्र आदि जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

परिषद द्वारा उक्त पर गहन चर्चा के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि जब तक इन मूलभूत सुविधाओं के लिये स्थाई स्थान सुनिश्चित न हो तब तक ये सुविधाएं संस्थान के छात्रावासों व अन्य स्थानों में जहां सम्बंधित सुविधा हेतु जगह उपलब्ध हो में शुरू की जा सकती हैं जिसके लिये विशेष सावधानियां बरती जाएं। सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने वाली फर्मों / कम्पनियों / व्यक्तियों के साथ विधिवत अनुबंध कराये जाये जो कि 1 वर्ष से अधिक के न हों। ये सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अनुबंधित फर्मों / कम्पनियों / व्यक्तियों से स्थान, बिजली, पानी आदि के उपयोग हेतु संस्थान द्वारा निर्धारित शुल्क लिया जाये जिनकी नियमावली अनुबंध से पूर्व ही तैयार कर ली जाये एवं अनुबंध के दौरान सभी नियमों का अनुपालन किया जाना सुनिश्चत किया जाये।

जन सुविधा केन्द्र की स्थापना किये जाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं यह सुझाव दिया गया कि इसके लिये उचित स्थान तलाश कर निर्माण किया जाये।

**बिन्दु सं. 12.22 माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार एवं निर्णय।**

अन्य कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए।

मा0 अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

Badal

(प्रो0 नीलेन्द्र बादल)
सदस्य-सचिव
प्रशासकीय परिषद, रा0इ0का0, बिजनौर

(राजीव स्वरूप)
अध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद, रा0इ0का0, बिजनौर